मेरे बाबा बालक नाथ शिव शंकर के अवतार

मेरे बाबा बालक नाथ शिव शंकर के अवतार
इन्हें पूजे है संसार बंदन करते बारमबार

बाबा तेरे धाम पे जा कर जो भी है ध्यान लगाता
खुशियों से झोली भर के तेरे धाम से बाबा आता
मिटे पल में दुःख सारे बाबा करते है उधार
मेरे बाबा बालक नाथ शिव शंकर के अवतार

चाहे निर्धन हो या राजा सब एक समान है बाबा
तेरे दर से ना खाली जाता हर्षित मन से गुण गाता
मेरा जीवन मेरे बाबा चरणों में अमिरत धार
मेरे बाबा बालक नाथ शिव शंकर के अवतार

मेरे पौनाहारी बाबा सारा जग है तेरा दीवाना
ऋषि मुनिओ ने योगी ने संतो ने बाबा माना
चिमटे की ध्वनी सुन कर मिट त्ते है रोग विकार
मेरे बाबा बालक नाथ शिव शंकर के अवतार

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/21734/title/mere-baba-balak-nath-shiv-shankar-ke-avtar

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |